# जनपद प्रयागराज एवं चित्रकूट की भ्रमण आख्या 07–09 अप्रैल,2022

भ्रमण सदस्य –

1. डा0 मनोज कुमार शुक्ल, महाप्रबन्धक, नियमित टीकाकरण, एन.एच.एम.।
2. अरुण कुमार श्रीवास्तव, कार्यकम समन्वयक, एन.यू.एच.एम.।

जनपद प्रयागराज –

टीकाकरण सत्र स्थल – उपकेन्द्र नवाबगंज ब्लाक – कौडीहार, रसूलाबाद कोहराना – यूचीएचसी तेलियरगंज, कोल्ड चेन प्वांइट – कौडीहार, होलागण, यूपीएचसी तेलियरगंज,

1. एवीडी सिस्टम हेतु लगायी गयी गाडी के द्वारा सत्र स्थल से 04 किमी दूर ही वैक्सीन कैरियर को उतार दिया जाता है।
2. उपकेन्द्र नवाबगंज पर आज सत्र आयोजित किया जा रहा था जबकि कल भी यहां सत्र लगाया गया था। कल आयोजित हुये सत्र पर केवल 04 लाभार्थियों को वैक्सीन लगायी गयी।
3. एक ही सत्र स्थल पर दो एएनएम एवं 01 सीएचओ उपस्थित थे।
4. माइकोप्लान में एवीडी हेतु लगाये गये व्यक्ति, ए.एन.एम., आशा किसी का भी फोन नं दर्ज नही किया गया था।
5. सत्र स्थल पर दिनांक 04 को पीसीवी वैक्सीन उपलब्ध नही करायी गयी थी जिसके कारण दिनांक 04 को जिन बच्चों को और वैक्सीन दी गयी थी परन्तु पीसीवी नही दी गयी थी उन बच्चों को आज पीसीवी वैक्सीन लगाने हेतु बुलाया गया था।
6. एम.सी.पी. कार्ड पर आर.सी.एच. नम्बर एवं फोन नं दर्ज नही किया जा रहा है।
7. तैयार की गयी ड्यू लिस्ट एवं वास्तविक लाभार्थियों की संख्या में काफी अन्तर पाया गया। सत्र स्थल पर वास्तविक लाभार्थियों की संख्या ड्यू लिस्ट से अधिक पायी गयी।
8. आयरन एवं कैल्शियम की डोज लाभार्थियों को कितनी दी जानी है इसकी जानकारी ए.एन.एम./ इन्जार्च को नही थी।
9. ए.एन.एम. के द्वारा काउन्टर फाइल पूर्ण नही की जा रही थी।
10. ई कवच एप्लीकेशन का उपयोग नही किया जा रहा था।
11. एएनएम के द्वारा सत्र स्थल पर टैबलेट भी नही लाया गया था।
12. आई एफ ए टैबलेट पर्याप्त मात्रा में सत्र स्थल पर उपलब्ध नही पायी गयी।
13. लाल, पीली और काली पालिथिन सत्र स्थल पर उपलब्ध नही पायी गयी।
14. रसूलाबाद में एएनएम के द्वारा किये गये वैक्सीनेशन का गृह भ्रमण कर वेरिफिकेशन करने पर लाभार्थी को अनवैक्सीनेटेट पाया गया।
15. टैलीशीट के अनुसार 03 बच्चों को रोटी वैक्सीन दी गयी थी जबकि रोटा वैक्सीन वायल लगभग भरी हुई पायी गयी।
16. होलागढ में कोविड वैक्सीन सत्र पर 04 लोग लगे हुये थे और 2.30 बजे तक केवल 4 लोगों को ही वैकसीन लगायी गयी थी।
17. सत्र स्थल पर वैक्सीन कैरियर में रखे गये आइस पैक पिघले पाये गये और आइस पैक के अन्दर पर्याप्त मात्रा में पानी की उपलब्धता भी नही पायी गयी।
18. कोल्ड चेन प्वांइट कौडिहार में पीसीवी वैक्सीन ईवीएन पोर्टल पर 1460, रजिस्टर में 20 एवं आईएलआर में 285 डोज पायी गयी।
19. जनपद स्तरीय कोल्ड चेन प्वाइंट पर ब्लाकों से इन्डेंट प्राप्त करने का कोई सिस्टम नही बनाया गया है।

Scanned by CamScanner

20. संज्ञान में आया कि नये उपकेन्द्र हेतु क्षेत्रीय विभाजन नही किया है।

उपरोक्त के क्रम में मुख्य चिकित्साधिकारी की अध्यक्षता में सायकालीन बैठक आयोजित की गयी। जिसके माध्यम से समस्त ब्लाकों के अधीक्षक को फीडबैक से अवगत कराते हुये कार्यक्रम के सफल संचालन हेतु क्षमतावर्धन करते हुये आवश्यक दिशा–निर्देश दिये गये।

**जनपद – चित्रकूट**

टीकाकरण सत्र स्थल – कचिहार गोहिराकला, चोरहा, मुसवापुरा, पाल का डेरा, राघोपुर–यूपीएचसी कर्वी, साधोपुर – शिवरामपुर, गरौली–पहारी, कोल्ड चेन प्वाइंट – मउ, रामनगर, नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, श्रीरामपुर, पहारी

1. माइक्रोप्लान सही तरीके से नही बनाया गया है, सत्र स्थल, मोबिलाइजर, एवं अन्य अंकित सूचना गलत पायी गयी।
2. 28 दिवस से पूर्व ही एक ही स्थान पर सत्र आयोजित किया गया था।
3. आईएमआई सत्र के दौरान बुद्धवार एवं शनिवार को नियमित टीकाकरण सत्र का आयोजन नही किया जा रहा था।
4. सत्र स्थल पर काफी मात्रा में कैल्शियम सिरप रखा हुआ था, जिसकी सत्र स्थल पर आवश्यकता नही थी।
5. एमसीपी कार्ड की उपलब्धता जनपद में नही पायी गयी।
6. 4 एएनसी जॉचें नही की जा रही है।
7. एमसीपी कार्ड लाभार्थियों के पास न होकर, आशा अपने पास रख रही है।
8. काउन्टर फाइल नही बनायी/अपडेट जा रही थी।
9. टी.डी. की डोज कब देनी है इसकी सही जानकारी मेडिकल इन्चार्ज एवं एएनएम को नही थी।
10. आईएफए एवं कैल्शियम की डोज कितनी देनी है इसकी सही जानकारी मेडिकल इन्चार्ज एवं एएनएम को नही थी।
11. आईएफए/कैल्शियम की डिमाण्ड हेतु डीवीडीएमएस पोर्टल का उपयोग नही किया जा रहा था।
12. सत्र स्थल पर वैक्सीन कैरियर में डापर भेजा रहा था।
13. वेसटेज – बीसीजी – 67 प्रतिशत, हेप्टाइटिस बी – 31 प्रतिशत, पीसीवी – निगेटिव 24 प्रतिशत, डीटी – निगेटिव 24 प्रतिशत तथा कोविड वैक्सीन निगेटिव।
14. Fully Immunized Children – कर्वी – 108 प्रतिशत, रामनगर – 111 प्रतिशत
15. अनमोल एवं ई कवच एप्लीकेशन पर इन्टी दर्ज नही की जा रही थी।
16. प्रिटेड टैलीशीट एएनएम को उपलब्ध नही करायी गयी है।
17. श्री रामपुर कोल्ड चेन प्वाइंट पर किसी भी डी फ्रीजर में थर्मामीटर नही रखा गया था, जबकि सबकी लॉगबुक भरी जा रही थी।

उपरोक्त के क्रम में मुख्य चिकित्साधिकारी की अध्यक्षता में सायकालीन बैठक आयोजित की गयी। जिसके माध्यम से समस्त ब्लाकों के अधीक्षक को अवगत कराते हुये कार्यक्रम के सफल संचालन हेतु आवश्यक दिशा–निर्देश दिये गये।

डा0 मनोज कुमार शुक्ल
महाप्रबन्धक, नियमित टीकाकरण
राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन

अरुण कुमार श्रीवास्तव
कार्यक्रम समन्वयक, एनयूएचएम
राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन

Scanned by CamScanner